Foundation for a Smoke-Free World तंबाकू उद्योग और निकोटीन परितंत्र को प्रभावित करेगा और के धूम्रपान-मुक्त सूचकांक के जरिये परिवर्तन लाएगा©

फाउंडेशन ने इस पीढ़ी में धूम्रपान समाप्त करने के लिए उद्योग की कार्यवाहियों के सूचकांक के लिए प्रस्तावों हेतु अनुरोध जारी किया

लंदन, इंगलैंड (13 सितंबर 2018) – Foundation for a Smoke-Free World ने आज वैश्विक तंबाकू और निकोटीन फोरम में घोषणा की कि वह धूम्रपान-मुक्त सूचकांक© विकसित करने और उसे कार्यान्वयित करने के लिए प्रस्तावों को आमंत्रित कर रहा है। यह सूचकांक धूम्रपान-मुक्त विश्व साकार करने की ओर उद्योग की प्रगति का विवेचनात्मक मूल्यांकन और उस प्रगति के महत्व को बढ़ाने के लिए की गई कार्यवाहियों का आकलन करेगा। वह निवारण योग्य और असामयिक मृत्यु तथा रुग्णता के लिए जिम्मेदार मूल उत्पादों – दहनशील सिगरेटों – से मुक्त विश्व को साकार करने के लिए वैश्विक तंबाकू उद्योग और निकोटीन परितंत्र के भविष्य के आवश्यक रूपांतरण की अधिक जाँच करके World Health Organization Framework Convention on Tobacco Control (WHO FCTC) के प्रयासों में सहायता करेगा।

धूम्रपान-मुक्त सूचकांक फाउंडेशन की उद्योग के रूपांतरण की पहल का हिस्सा है जो कारगर परिवर्तन लाने के लिए उद्योग की कार्यप्रणाली की सूचना देगा, और जो इस पीढ़ी के भीतर एक धूम्रपान-मुक्त विश्व संभव करने के फाउंडेशन के समग्र मिशन का मूल स्तंभ है। फाउंडेशन की मान्यता है कि यह इस रूपांतरण कार्यक्रम को निष्पादित करने का सही समय है क्योंकि अभूतपूर्व और नवाचारी तकनीकें आजकल ऐसे निकोटीन-डिलीवरी उत्पादों का निर्माण कर रही हैं जिनके स्वास्थ्य संबंधी जोखिम दहनशील सिगरेटों में विशिष्ट रूप से पाए जाने वाले उत्सर्जनों से संबद्ध जोखिमों से कम हो सकते हैं। फाउंडेशन इस सूचकांक को सफलतापूर्वक कार्यान्वयित करने और निवेशकों और नीति-निर्माताओं के लिए बोधगम्य, मूल्यवान, और उपयोगी मैट्रिक्स विकसित करने के लिए, अपने आलोचकों सहित, विभिन्न हितधारकों को शामिल करने का प्रयास करेगा।

"वरिष्ठ वैश्विक स्वास्थ्य नेताओं ने तंबाकू उद्योग के रूपांतरण और समाधानों का निर्माण करने के तरीकों पर इसके प्रभाव के महत्व को स्वीकार करना शुरू कर दिया है," Foundation for a Smoke-Free World के अध्यक्ष, डा. डेरेक यैक ने कहा। "लंबे समय से अपेक्षा की जा रही है कि तंबाकू कंपनियाँ बाज़ार में अपनी उपस्थिति का उपयोग करके दहनशील सिगरेटों के उपयोग को वैश्विक स्तर पर समाप्त करने के कदम उठाने के लिए एक दूसरे पर और भी अधिक प्रभाव डालें।"

FOUNDATION FOR A SMOKE-FREE WORLD

फाउंडेशन पहला वार्षिक धूम्रपान-मुक्त सूचकांक विकसित और कार्यान्वयित करने के लिए योग्य अनुसंधान संगठनों के लिए प्रस्तावों के लिए अनुरोध (Reuest for Proposals - RFP) जारी कर रहा है। आवदकों का मूल्यांकन कई मापदंडों के आधार पर किया जाएगा, जिनमें फाउंडेशन के मिशन के साथ संरेखन, विशेषज्ञता और पूर्व अनुभव, वैश्विक अनुसंधान क्षमताएं, प्रदर्शित गुणवत्ता आश्वासन और निगरानी प्रक्रियाएं, लागत, और समयसीमा शामिल हैं। सभी आवेदकों को तंबाकू और ई-सिगरेट कंपनियों से स्वतंत्र होना चाहिए। RFP प्रक्रिया एक से तीन अनुदान ग्राहियों की पहचान करेगी जो फाउंडेशन से स्वतंत्र रूप से काम संपन्न करेंगे।

धूम्रपान-मुक्त सूचकांक इस बारे में मापन योग्य सबूत प्रदान करेगा कि कंपनियाँ उद्योग के रूपांतरण के लिए क्या कदम उठा रही हैं। फाउंडेशन को अनुसंधान और विकास, पूंजीगत व्ययों और विपणन संबंधी खर्च में परिवर्तनों, सिगरेट के उत्पादन को बंद करने पर लक्ष्यित निवेशों, इत्यादि के बारे में सत्यापन योग्य मेट्रिक्स के संग्रह और संकलन की आशा है। सूचकांक के माध्यम से, चुने गए अनुदान ग्राही अवैध या उत्तम कॉर्पोरेट प्रथाओं के साथ असंगत कार्यवाहियों के सत्यापन योग्य आंकड़े और विशिष्ट उदाहरण एकत्र करने के लिए एक व्यवस्थित तरीके का उपयोग भी करेंगे।

“हमारा मुख्य ध्येय है जीवन बचाना। हालांकि फाउंडेशन उद्योग से वित्तपोषण स्वीकार करता है, हमारा एक बाध्यकारी प्रतिज्ञा समझौता है जो हमारी स्वतंत्रता सुनिश्चित करता है, और हम किसी भी तंबाकू कंपनी की आलोचना करने से नहीं डरते हैं,” यैक ने आगे कहा। “तकनीक में परिवर्तन करके और तंबाकू उद्योग और निकोटीन परितंत्र की संरचना को बदलकर प्रगति में तेजी लाई जा सकती है और लाई जाएगी, जिसकी शुरुआत सबसे बड़े खिलाड़ियों से होगी,” उन्होंने कहा।

धूम्रपान-मुक्त सूचकांक RFP प्रस्तुति प्रक्रिया का विवरण फाउंडेशन की वेबसाइट पर उपलब्ध है। RFP प्रक्रिया 2018 के अंत तक पूरी हो जाएगी, और अनुदान ग्राहियों का चुनाव जनवरी 2019 में किया जाएगा। प्रथम धूम्रपान-मुक्त सूचकांक 2020 की पहली छमाही के दौरान प्रकाशित किया जाएगा और अनुवर्ती रिपोर्टें उसके बाद वार्षिक रूप से जारी की जाएंगी।

FOUNDATION FOR A SMOKE-FREE WORLD, INC. का परिचय।

Foundation for a Smoke-Free World इस पीढ़ी में धूम्रपान समाप्त करके वैश्विक स्वास्थ्य को सुधारने के प्रयोजन से युक्त एक स्वतंत्र, गैर-मुनाफा संगठन है। फाउंडेशन अपने मिशन का समर्थन तीन मूल स्तंभों के माध्यम से करता है: स्वास्थ्य, विज्ञान और तकनीक; कृषि रूपांतरण पहल; और उद्योग का रूपांतरण। फाउंडेशन का स्वास्थ्य, विज्ञान, और तकनीक का काम धूम्रपान छोड़ने और कम जोखिम वाले उत्पादों का उपयोग करने में तेजी लाने के लिए धूम्रपान करने वाले व्यक्तियों पर केंद्रित कार्यक्रम लाकर तंबाकू नियंत्रण के चालू प्रयासों में योगदान करता है और उन देशों पर ध्यान केंद्रित करता है जहाँ अधिकांश धूम्रपान करने वाले रहते हैं। कृषि रूपांतरण पहल का लक्ष्य तंबाकू पर निर्भर अर्थव्यवस्थाओं में विविधता लाना है, और फाउंडेशन के उद्योग का रूपांतरण करने वाले प्रयास संपूर्ण वैश्विक तंबाकू उद्योग और निकोटीन परितंत्र के भीतर परिवर्तन लाने पर केंद्रित हैं।

फिलिप मॉरिस इंटरनेशनल (PMI) ने फाउंडेशन को 2018 में शुरू करते हुए 12 वर्षों तक हर वर्ष 80 मिलियन डॉलर देने की प्रतिज्ञा की है। फाउंडेशन के उपनियमों और प्रतिज्ञा समझौते के अधीन, PMI और तंबाकू उद्योग को, सामान्य तौर पर, फाउंडेशन के अपनी निधियों को खर्च करने या अपनी गतिविधियों पर ध्यान देने के तरीकों पर कोई भी नियंत्रण या प्रभाव करने से अलग रखा गया है। फाउंडेशन द्वारा वार्षिक प्रतिज्ञा की स्वीकृति फाउंडेशन द्वारा प्रतिज्ञा करने वाले के उत्पादों के किसी भी उत्पाद के अनुमोदन का गठन नहीं करती है।

फाउंडेशन के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया www.smokefreeworld.org पर जाएं।

###